हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 30 जून 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 वर्तमान परिवेश में नए कानून से अपराध पर कसेगी नकेल



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

### मंसूबे पर फिरा पानी, प्यार के चक्कर में सीएचओ व इंजीनियर पहुंचे जेल

# प्रेमी को हीरो साबित करने सीएचओ ने रची थी खुद के अपहरण की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



पुलिस गिरफ्त में सीएचओ व इंजीनियर।

सक्ती के चौपाटी से महिला स्वास्थ्य अधिकारी के अपहरण और 15 लाख फिरौती के मामले में पुलिस ने जहां चंद घंटों के भीतर अपहता को उसके प्रेमी के साथ सकुशल बरामद किया है तो वहीं पूछताछ में पूरी घटना सुनियोजित साजिश साबित हुई। दरअसल महिला स्वास्थ्य अधिकारी अपने प्रेमी को घर वालों की नजर में हीरों साबित करना चाहती थी। इसके लिए उसने प्रेमी के साथ मिलकर खुद के अपहरण और 15 लाख रुपए फिरौती मांगने की साजिश रची थी। वे अपने मंसूबे पर कामयाब होते कि इसके पहले पुलिस उन तक पहुंच गई और पूरे मामले का पर्दाफाश हो गया।

गौरतलब है कि शुक्रवार 28 जून को सक्ती पुलिस उस वक्त सकते में आ गई जब चिस्दा निवासी रामनाथ जलतारे ने लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपनी बेटी अनुपमा जलतारे उम्र 26 वर्ष के अपहरण और 15 लाख रुपए फिरौती मांगने की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसकी बेटी अनुपमा जो ग्राम सराईपाली सक्ती में सी एच ओ के पद पर पदस्थ है। वह अपने भाई कालेश्वर के साथ 27 जून को सक्ती गई थी, जहां शाम को करीब 7:30 बजे चौपाटी से गायब हो गई। इसके बाद रात लगभग 9:38 बजे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अपहता के मोबाईल से उसके भाई डेगम्बर को फोन कर 15 लाख रूपये फिरौती की मांग की गई थी, नहीं देने पर जान से मारकर बोरी में भरकर फेंक देने की धमकी दी थी। इस पर पुलिस टीम हरकत में आई। एसपी अंकिता शर्मा ने तत्काल चार टीमें गठित की और चार घंटे के भीतर अपहता को बिलासपुर के एक होटल में एक युवक के साथ पकड़ लिया। उसकी सकुशल बरामदगी करके पुलिस टीम सक्ती लौटी, जहां पूछताछ पर पूरी घटना दोनों की सुनियोजित प्लानिंग साबित हुई। पुलिस ने बताया कि अपहता अनुपमा जलतारे को उसके साथी महेद्र जांगड़े के साथ होटल स्वर्णभूमि देवनंदन नगर सरकंडा बिलासपुर से बरामद किया गया। विवेचना दौरान पाया गया कि अपहता अनुपमा जलतारे अपने साथी महेन्द्र जांगडे जो कि एनटीपीसी में ठेका इंजीनियर है के साथ मिलकर खुद के अपहरण की साजिश रची थी। पुलिस ने बताया कि अनुपमा ने 27 जून को लगातार मोबाईल से बात करके षडयंत्र पूर्वक महेन्द्र जांगडे को कोरबा से चौपाटी सक्ती के पास बुलाया। इसके बाद अपने छोटे भाई कालेश्वर को ठण्डा पानी लाने के बहाने भेज दी। जब भाई वापस आया तो वह नहीं थी। उसके भाई द्वारा फोन लगाने पर फोन को फ्लाइट मोड में करके महेन्द्र जांगडे के साथ उसकी बाइक टीव्हीएस अपाचे में बैठकर बाराद्वार होते हुये बिलासपुर चली गई। रात्रि करीब 9:38 बजे अनुपमा द्वारा अपने मोबाईल नम्बर से महेन्द्र जांगडे के माध्यम से अपने भाई डेगम्बर को फोन कर 15 लाख की फिरौती की मांग की गई। उन्होंने 28 जून की सुबह 11 बजे तक का समय दिया था। नहीं देने पर अनुपमा को मार देने की धमकी भी दी थी। पुलिस के मुताबिक महिला स्वास्थ्य अधिकारी को मालूम था, कि घरवाले 15 लाख रुपए का इंतजाम नहीं कर पाएंगे और दो दिन के बाद वह अपने प्रेमी महेन्द्र जांगड़े के साथ घर पहुंच जाएगी, तब घरवालों को यह बताएगी कि महेन्द्र ने 15 लाख रुपए देकर उसे अपहरणकर्ताओं के चंगुल से छुड़ाया है, जिससे की घरवालों को यह लगे कि अनुपमा के लिए यही उपयुक्त वर है। इस पूरे खुलासे के बाद पुलिस ने अपहरण के इस मामले में धारा 120 (बी), 384 भादवि जोड़कर दोनों को विधिवत गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

#### कॉल डिटेल व लोकेशन ट्रेस करते पहुंची पुलिस

महिला स्वास्थ्य अधिकारी के अपहरण के मामले में पुलिस ने इलेक्ट्रानिक डिजिटल एवं मैनुवल साक्ष्य के आधार पर पाया गया की महेन्द्र जांगडे और अनुपमा जलतारे एक साथ थे। मोबाइल पर उनके संपर्क लगातार हुए थे। इस आधार पर पुलिस लोकेशन ट्रेस करते बिलापुर पहुंची, जहां होटल स्वर्णभूमि देवनंदन नगर में अपहृता महिला स्वास्थ्य अधिकारी को सकुशल बरामद किया। वह अपने प्रेमी महेन्द्र जांगड़े पिता राजेंद्र जांगडे उम्र 28 वर्ष के साथ थी।

#### इसलिए बढ़ी साजिश की आशंका

अपहरण के इस मामले की रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने जहां तत्काल पहल करते हुए चार टीमें गठित कर जांच शुरु की, वहीं सक्ती के चौपाटी जहां से शाम करीब साढ़े 7 बजे अपहरण होने की बात कही गई थी। वहां जाकर तस्दीक करने पर इस तरह की कोई घटना की पुष्टि नहीं हुई। इससे साजिश की आशंका बढ़ गई और पुलिस टीम ने अपहृता महिला स्वास्थ्य अधिकारी के बारे में भी जानकारी जुटानी शुरु की।

# झमाझम बारिश से सूखी धरती की बुझी प्यास, अंचल तरबतर

### कई जगह टूटे पेड़ और मकान भी ढहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंचल मे लंबे इंतजार के बाद शनिवार को झमाझम बारिश हुई। बारिश से शहर तरबतर हो गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी अच्छी बारिश होने से कई जगह कच्चे मकान ढह गए। साथ ही कुछ स्थानों पर पेड़ की शाखाएं भी टूट गई। बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दिलाई है। वहीं किसान भी अब बोनी के लिए उत्साहित नजर आ रहे है।

इस साल गर्मी ने अपने पूरे तेवर दिखाएं है। गर्मी से व्याकुल लोगों को मानसूनी बारिश का इंतजार था। सामान्यतः क्षेत्र में 15 जून से मानसूनी बारिश की शुरूआत हो जाती है, लेकिन इस बार मानसून कुछ पिछड़ गई है। हालांकि पिछले सप्ताह भर के अंदर बीच बीच में बारिश हुई, लेकिन मानसूनी बारिश का इंतजार शनिवार 29 जून को समाप्त हुआ। शनिवार की सुबह जब लोग नींद से जागे तो झमाझम बारिश का नजारा दिखा। इसके बाद पूरे दिन झड़ी लगी रही। कही रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश होती रही। दिन भर की बारिश ने गर्मी से लोगों को राहत दिलाई। इधर बारिश के चलते गलियों में पानी भरने लगा। वहीं जाम नालियों में भी जल जमाव की स्थिति बनी रही। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची सड़क पर भी पानी भरने से आवागमन में दिक्कते हुई। बारिश से किसान काफी खुश नजर आए। गर्मी के कारण पूरी तरह सूख चुकी धरती की प्यास बुझ गई। किसानों को जिस बारिश का इंतजार था, वह बारिश शनिवार को देखने को मिली। अब किसान जल्द से जल्द खेतों में बोनी के काम में जुट जाएंगे। किसानों का कहना है कि शनिवार को अच्छी बारिश हो गई है। ऐसे में अब बारिश रूकते ही खेतों की जुताई और बोआई के काम में तेजी आएगी।



सोनादह में बारिश से ढहा मकान।

#### भारी बारिश से ढहा मकान

**बिर्रा।** शनिवार को हुई बारिश ने जहां गर्मी से राहत दिलाई, वहीं मूसलाधार बारिश कईयों के लिए आफत भी बनी। कुछ जगहों पर पेड़ की शाखाएं टूटकर गिरी तो कई मकान भी ढह गए। शनिवार 29 जून की सुबह से हो रही झमाझम बारिश से बम्हनीडीह विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनादह के गौटिन दाई मुहल्ला के वार्ड नंबर 08 में रहने वाले नवधा कुर्रे पिता इतवारी लाल कुर्रे का कच्चा मकान ढह गया। कच्चा मकान के टूटने से घर का शौचालय के ऊपर का सीट टूट गया और घर में रखी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। मलबा में दबकर घरेलु सामान भी टूट गए।
इस प्रकार इस बारिश ने गरीब का आशियाना ढहने से हजारों रूपए का नुक्रसान का अनुमान है। पीडित परिवार ने शासन से मुवावजे की मांग की हैं।

## खबर संक्षेप

### विप्र समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान आज

**नवागढ़।** भगवान परशुराम ब्राह्मण विकास समिति जांजगीर चाम्पा द्वारा जिला स्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम रविवार 30 जून को इस बार भी किया गया है। जिसमें 10 वीं और 12 वीं में 70 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित करने वाले स्वजातीय प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं विशिष्ट जनों का सम्मान किया जावेगा। जिसमें आप अपनी सहभागिता प्रदान करते हुए ब्राह्मण समाज को संगठित कर नई दिशा व दशा प्रदान करेंगे। आयोजन रविवार 30 जून को दोपहर 1 बजे से 4:00 बजे तक एस. डी. महाविद्यालय, राछाभाठा नवागढ़ में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य पं राजेन्द्र शर्मा होंगे व अध्यक्षता डॉ रजनीश पांडेय करेंगे।

### वन विभाग द्वारा कल से बांटा जाएगा निःशुल्क पौधा

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के महत्वकांक्षी योजनाओं के तहत निःशुल्क पौधा वितरण का शुभारंग 1 जुलाई से किया जाना है। उप वनमंडल अधिकारी जांजगीर-चांपा ने बताया कि वनमण्डल से विभिन्न प्रजातियों के पौधे निःशुल्क वनमण्डल कार्यालय परिसर चांपा से प्रदाय किया जावेगा। पौधा प्रदाय हेतु वनमण्डल जांजगीर-चांपा के अंतर्गत वनपरिक्षेत्र अधिकारी चांपा एवं बीट गार्ड चांपा की ड्यूटी निर्धारित की गई है। योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कर मांग के अनुसार तत्काल पौधा प्रदाय करने हेतु मोबाईल नम्बर भी जारी किया गया है, किसी भी हितग्राही को पौधों की आवश्यकता हो तो मोवाईल नम्बर 7489624051, 8435419518 पर संपर्क कर वनमण्डल परिसर चांपा से आवश्यकतानुसार पौधा प्राप्त कर सकतें है।

### आकांक्षा में कोचिंग के लिए साक्षात्कार 2 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रशासन जांजगीर चांपा द्वारा इस जिले के मेधावी छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग तैयारी हेतु आकांक्षा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। सत्र 2024-25 के लिए परिणामोन्मुख विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है। इस हेतु 2 जुलाई को प्रातः 11 बजे से साक्षात्कार का आयोजन आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा में रखा गया है। जिसमें विषय गणित, जीव विज्ञान, भौतिक, रसायन, के लिए विषय विशेषज्ञों की भर्ती की जावेगी।

## सराफा व्यवसायी की गाड़ी से 15 किलो चांदी की उठाईगिरी



घटना स्थल पर लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

साप्ताहिक बाजार सेमरा में एक सराफा व्यवसायी उठाईगिरी का शिकार हो गया। अज्ञात उठाईगिर ने गाड़ी का शीशा तोड़कर 15 किलो चांदी के जेवर पार कर दिए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा में शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। बाजार में चांपा निवासी सराफा व्यवसायी पवन कुमार सोनी भी दुकान लगाता है। शनिवार 29 जून को भी वह दुकान लगाने के लिए अपने वाहन में सोने चांदी के जेवर लेकर पहुंचा। व्यापारी पवन कुमार सोनी सेमरा के बाजार में पहुंचकर अपनी दुकान सजाने के लिए चटाई लगा रहा था। उसकी गाड़ी में सोने और चांदी के जेवरात रखे थे। चटाई बिछाने के बाद जब वह सामान निकालने के लिए गाड़ी के पास पहुंचा था तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ था। अंदर तलाशी लेने पर चांदी के जेवरात गायब थे। करीब 15 किलो चांदी के जेवर पार हो चुके थे। पवन कुमार सोनी ने घटना की सूचना नवागढ़ थाने में दी। कुछ देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आसपास खोजबीन की, लेकिन उठाइगिर का पता नहीं चल सका। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### अवैध वसूली करने वाले दो पुलिसकर्मी निलंबित

**सक्ती।** अवैध वसूली करने वाले दो पुलिसकर्मियों को एसपी अंकिता शर्मा ने निलंबित कर दिया है। दोनों पुलिसकर्मी हरदी में लोगों को रोककर अवैध वसूली कर रहे थे। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक अजय प्रताप कुर्रे व आरक्षक मनोज लहरे सक्ती थाना क्षेत्र के ग्राम हरदी में आम लोगों को रोककर जांच के नाम पर डराते धमकाते हुए अवैध वसूली कर रहे थे। लोगों से अपने एकाउंड में पैसा लेकर अवैध वसूली की जा रही थी। मामले की शिकायत एसपी अंकिता शर्मा तक पहुंची। एसपी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी। एसडीओपी ने जांच कर प्रतिवेदन एसपी को सौंपा। एसडीओपी द्वारा प्रेषित प्राथमिक जांच प्रतिवेदन में तत्कालिन थाना सक्ती में पदस्थ प्रधान आरक्षक अजय प्रताप कुर्रे व आरक्षक मनोज लहरे को आमजन से अपने अकाउण्ट में पैसा लेकर अपने पदीय गरिमा के विपरीत कर्तव्य मे स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता व संदिग्ध आचरण प्रदर्शित करना पाये जाने के फलस्वरूप दोनों पुलिसकर्मियो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केन्द्र सक्ती सम्बद्ध किया गया है।




### ट्रेफिक जाम होने के साथ ही हादसों का बना रहता है खतरा

# जिला मुख्यालय में नहीं आटो स्टैण्ड, भटकते हैं यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




कचहरी चौक के आगे सड़क किनारे खड़े आटो।

जिला मुख्यालय जांजगीर में आटो वालों के लिए व्यवस्थित स्टैंड नहीं होने के कारण कहीं भी आटो खड़ा कर देते हैं। जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

शहर में स्थायी ऑटो स्टैंड नहीं होने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। ड्राइवर ऑटो को सड़क पर कहीं भी खड़ा कर सवारियां उतारने.चढ़ाने लगते हैंए जिससे ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही है। बाजार में अधिकांश समय इसी वजह से ट्रैफिक जाम भी हो जाता है। ऑटो स्टैंड न होने के कारण शहर के बस स्टैंडए केरा रोड व कचहरी चौक के पास अधिक समस्या हो रही है। इन इलाकों में अधिकांश समय ऑटो वाले सड़क घेरकर ही खड़े रहते हैं। इसके कारण इस मार्ग में चलने वालों लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। जिससे ट्रैफिक जाम होने लगता है। जाम की वजह बन रहे बीच सड़क पर खड़े ऑटो को हटवाने के लिए कई बार झगड़े भी हो जाते हैं। ऑटो के सड़क पर खड़े होने से बेशक ट्रैफिक जाम होता रहे लेकिन उनको इसकी परवाह नहीं। ऑटो चालक अपनी मर्जी से शहर में कहीं भी ऑटो खड़े कर देते हैं। इससे शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल होती है। चलते समय कहीं पर भी सवारी दिखने पर अचानक ही ब्रेक लगा देते हैं। इस कारण ऑटो चालक के पीछे चलने वाले वाहन दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं।

#### वसूल रहे मनमाना किराया

शहर के किसी भी स्थान का किराया निर्धारित नहीं है। किराया निर्धारित न होने के कारण यात्रियों को ऑटो चालक की मर्जी के अनुसार ही किराया देना पड़ता है। शहर के नेताजी चौकए कचहरी चौक पर रिक्शों का जमावड़ा शाम को अधिक होता हैए इसी समय लोग शापिंग करने व टहलने के लिए निकलते हैं। एनएच पर भारी वाहनों का दबाव हमेशा बना रहता है। कई बार तो ट्रैफिक जाम की नौबत आ जाती है।



# मुंबई के पॉश इलाके में खरीदा नया अपार्टमेंट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कई हिट फिल्मों में योगदान देने के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता ने अब मुंबई के पाली हिल के आलीशान इलाके में एक नया अपार्टमेंट खरीदा है। स्क्वायर याड्र्स द्वारा पोस्ट किए गए संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों के अनुसार, उन्होंने 9.75 करोड़ रुपए में यह संपत्ति खरीदी है। उनका नया घर लगभग 1,027 स्क्वायर फीट का है और अभिनेता इसमें रहने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 25 जून को, इसकी प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके लिए आमिर ने 30 हजार रुपए की रजिस्ट्रेशन फीस और 58.5 लाख रुपए की स्टाम्प ड्यूटी का पंजीकरण शुल्क दिया है।

लाइफ Style

# सुहाना खान

## रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ पार्टी करती दिखीं

शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। कभी अपनी ड्रेस और लुक्स की वजह से तो कभी अपने रिलेशनशिप की चर्चाओं की वजह से। सुहाना ने 'द आर्चीज'से अभिनय के क्षेत्र में डेब्यू किया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब सुहाना खान शाहरुख खान के साथ फिल्म 'किंग' में नजर आएंगी। इस बीच सुहाना को लंदन में अपने रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड के साथ स्पॉट किया गया है। दरअसल, सुहाना और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा के डेटिंग की अफवाहें तब से चल रही हैं जब से उन्होंने 'द आर्चीज' की शूटिंग की है, तब से इन्हें कई बार एक साथ देखा गया है। सुहाना और अगस्त्य नंदा की डेटिंग की अफवाहों को तब हवा मिल गई जब दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। जिसमें दावा किया गया कि दोनों स्टार किड्स को एक साथ लंदन के एक क्लब में पार्टी करते हुए देखा गया।

दोनों एक-दूसरे के साथ पार्टी का आनंद उठाते हुए नजर आएं। इससे प्रशंसकों ने अंदाजा लगाना शुरू कर दिया कि वे दोस्त से कुछ ज्यादा हैं। एक फैन पेज ने ट्विटर पर सुहाना की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा कीं। वीडियो को साझा करते हुए दावा किया गया कि इसमें शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान एक नाइट क्लब में दिख रही हैं। उनके सामने अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा काले रंग की शर्ट में खड़े हैं और उनके चेहरे पर एक लंबी मुस्कान दिख रही है।



## हॉलीवुड मसाला



# मौत के समय हो चुके थे दिवालिया

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के मशहूर पॉप स्टार माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे। वहीं लॉस एंजिल्स की अदालत ने एक दस्तावेज जारी करते हुए बताया कि अपने मृत्यु के समय गायक भयंकर रूप से कर्ज में डूबे हुए थे। उनपर 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा का बकाया था। गायक 25 जून 2009 को इस दुनिया को छोड़कर चले गए थे। माइकल जैक्सन की मौत 50 वर्ष की आयु में लंदन के विस्तारित 'दिस इज इट' रेजीडेंसी की तैयारी के दौरान हो गई थी। जो जुलाई 2009 से मार्च 2010 तक चलने वाली थी।




# अब नहीं टूटेगा मर्लिन मुनरो का घर

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी अभिनेत्री और मॉडल मर्लिन मुनरो के लॉस एंजिल्स स्थित घर को लॉस एंजिल्स सिटी काउंसिल द्वारा बुधवार को ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्मारक नामांकन में मंजूरी दी गई है। इस पदनाम का उद्देश्य इस ऐतिहासिक स्थल को टूटने से बचाने में मदद करना है। दरअसल, मुनरो ने जिस घर में आखिरी सांस ली थी, उसे ब्रिना मिलस्टीन और उनके पति, रियलिटी टीवी निर्माता रॉय बैंक ने पिछले साल खरीद लिया था, जिसे वह तोड़ना चाहते थे, लेकिन अब इसे ऐतिहासिक सांस्कृतिक स्मारक का नाम दे दिया गया है। एल.ए. कंजर्वेंसी ने एक्स पर साझा करते हुए लिखा, 'ब्रेंटवुड में मर्लिन मुनरो का घर अब एक ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्मारक है! एल.ए. सिटी काउंसिल ने सर्वसम्मति से मर्लिन मुनरो के अंतिम घर के लिए नामांकन को मंजूरी दे दी।



# कश्मीरी होने पर लोगों ने मारे ताने


**नई दिल्ली।** हिना खान बीते 15 सालों से एक्टिंग की दुनिया में काम कर रही हैं। वह टीवी की दुनिया की महंगी एक्ट्रेस में गिनी जाती हैं। लेकिन एक्ट्रेस बनना हिना का पहला सपना नहीं था। एक्ट्रेस बनने से पहले वह कुछ और ही बनना चाहती हैं, लेकिन किस्मत ने उन्हें एक्ट्रेस बना दिया। उसे लोगों ने कश्मीरी होने पर ताने भी मारे। हिना खान ने अपने करियर की शुरुआत साल 2009 में पॉपुलर टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से की थी। इसी सीरियल की वजह से उन्हें घर-घर में पहचान मिली थी। उन्होंने बताया था कि एक प्रोजेक्ट के हाथ से इसलिए निकल गईं, क्योंकि उनका रंग कश्मीरी लड़की लड़की जैसा नहीं था। उस प्रोजेक्ट में उन्हें कश्मीरी लड़की का रोल प्ले करना था। हालांकि उन्हें ये कहकर मना कर दिया गया था कि वो कश्मीरी नहीं दिखती हैं।



# आयुष्मान ने ताहिरा पर जताया गर्व

**मुंबई।** अभिनेता आयुष्मान खुराना ने अपनी पत्नी ताहिरा कश्यप निर्देशित फिल्म 'शर्मा जी की बेटी' के लिए उन पर गर्व जताया है। आयुष्मान खुराना और उनकी पत्नी ताहिरा अक्सर एक दूसरे को सोशल मीडिया पर सपोर्ट करते हुए दिखाई देते हैं। ताहिरा की निर्देशन में बनी उनकी डेब्यू फिल्म 'शर्माजी की बेटी' की 28 जून को प्रीमियर हुई और अभिनेता ने अपनी पत्नी की उपलब्धि पर गर्व जताया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पत्नी ताहिरा कश्यप की प्रशंसा करते हुए तस्वीरें पोस्ट कीं। जिसमें की बचपन की तस्वीर भी शामिल है। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य तस्वीरें इस पोस्ट में साझा की हैं। ताहिरा के निर्देशन में बनी फिल्म के बारे में बात करते हुए लिखा, 'आपकी आत्मा हर उस चीज में झलकती है जिसे आप छूती हैं, यही वजह है कि 'शर्माजी की बेटी' इतनी खास फिल्म है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के इन प्रतियोगियों पर लगा फेक शादी रचाने का आरोप

नई दिल्ली। 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कोई शक नहीं है कि यह सबसे विवादित शो में से एक है। सीजन 3 में भी एक से बढ़कर एक प्रतिभागी आए हैं। शो की शुरुआत से ही बीबी हाउस में बवाल मचा हुआ है। वहीं, इस शो के कुछ पूर्व प्रतियोगी ऐसे भी रहे हैं, जिन पर टीआरपी के लिए नकली शादी रचाने का आरोप लग चुका है। इन चर्चित चेहरों ने टीआरपी के लिए नकली शादी रचाई और आगे जाकर मुकर गईं। इस तरह ये हीरोइनें नेशनल टेलीविजन पर शादी का मजाक उड़ा चुकी हैं। इस लिस्ट में शहनाज गिल से लेकर राखी सावंत तक शामिल हैं। शहनाज गिल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' से घर-घर में अपनी पहचान बनाई। शो के होस्ट सलमान खान, शहनाज को पंजाब की कटरीना कैफ कहते हैं। वहीं, 'बिग बॉस 13' शो के खत्म होते ही शहनाज गिल ने अपना स्वयंवर रचाया था। शो में सना ने प्रतियोगियों से खूब मेहनत कराई। हालांकि, फिनाले में शहनाज ने किसी को भी चुनने से इनकार कर दिया, और शादी से मुकर गईं। ऐसा करने के बाद शहनाज पर आरोप लगा कि उन्होंने महज फेम के लिए यह ढोंग रचा था। जसलीन मथारू और अनूप जलोटा ने बतौर गर्लफ्रेंड और बॉयफ्रेंड 'बिग बॉस' शो में एंट्री ली थी।

# कलाकारों का नहीं मिला बकाया निर्माताओं को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'लाल बनारसी' के कलाकार सावी ठाकुर, गौरी चित्रांशी और कुलदीप सिंह ने अपने पूरे पैसे का भुगतान न होने के चलते निर्माता संतोष कुमार और रोशेल सिंह को नोटिस भेज दिया है। इस शो का प्रसारण मई 2023 में शुरू हुआ था और इस साल मई के दूसरे हफ्ते में खत्म हो गया था। शो के एक और अभिनेता कुलदीप सिंह के मुताबिक उन्होंने दिसंबर से मार्च तक शूटिंग की थी और उन्हें इसके लिए 4,70,000 रुपए मिलने थे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि टीवी इंडस्ट्री में आमतौर पर शो शुरू होने के 90 दिन बाद पैसा मिलना शुरू होता है, लेकिन लाल बनारसी के निर्माताओं ने इसे 120 तक खींच दिया और उसके बाद भी समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा था। कुलदीप ने कहा कि उन्हें घर का लोन भरने के साथ-साथ बाकी की जिम्मेदारियों के लिए भी पैसे की जरूरत है और कोई दूसरा रास्ता नहीं होने के कारण उन्होंने निर्माता को कानूनी नोटिस भेज दिया है।



# छात्रों का किया मार्गदर्शन नशे से दूर रहने की दी सीख

**मुंबई।** थलपति विजय दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार हैं। वह मुख्य रूप से तमिल फिल्मों में काम करते हैं। हाल में ही वह इस साल 10वीं और 12वीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने एक कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्रों को जीवन से संबंधित कुछ कठोर सबक दिए, जो बच्चों को गंभीरता से समझनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'चाहे कोई भी कारण हो,मगर किसी भी कीमत पर अपनी पहचान न खोएं। मैं अभी यह इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे राज्य में नशीले पदार्थों का काफी ज्यादा उपयोग होता है, खासकर युवाओं में इसका बहुत अधिक उपयोग होता है।' एक अभिभावक और एक राजनीतिक संगठन के नेता के रूप में उन्हें इस पर शर्म आती है। मेरा कहना है कि कभी-कभी हमें इन परिस्थितियों से खुद ही खुद को बचाना पड़ता है। हमेशा उन्हें खुद पर नियंत्रण और अनुशासन रखना चाहिए। क्षणिक खुशियां देने वाली चीजों और नशीली दवाओं का सेवन न करें।



# करण ने सोनाक्षी को दिया 'कूल दुल्हन' का टैग



**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने सात साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद 23 जून को अपनी शादी की शुरुआत की। उनकी शादी के फंक्शन की तस्वीरों और वीडियो ने जोड़े की खुशी को खूबसूरती से कैद किया। सोनाक्षी और जहीर को उनकी नई शुरुआत के लिए फिल्म इंडस्ट्री से शुभकामनाएं मिलीं। अब, फिल्म निर्माता करण जौहर ने खुलासा किया है कि उन्हें उनकी शादी में क्या पसंद आया। उन्होंने सोनाक्षी को 'सबसे कूल दुल्हन' भी कहा। उन्होंने सोनाक्षी के ब्राइडल लुक की तारीफ की और उनकी शादी की सादगी को देखकर हैरान रह गए। करण ने कहा, 'आप जानते हैं कि सोनाक्षी के बारे में मुझे जो सबसे अच्छा लगा, वह यह था कि वह सबसे अच्छी दुल्हन थी। वह मस्त थी। जहीर और सोनाक्षी प्यारे लग रहे थे। वे खुश दिख रहे थे, वे बहुत खूबसूरत लग रहे थे। और कोई तामझाम या दिखावा नहीं था। यह सिर्फ शुद्ध प्रेम और मस्ती थी और यही बात मुझे उनकी शादी में पसंद आई।

# रक्तबीज में एक्शन करते दिखेंगे आदित्य रॉय कपूर!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर जल्द ही राज और डीके की अगली वेब सीरीज में नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वेब सीरीज का नाम 'रक्तबीज' रखा गया है। इसके लिए आदित्य को ऑफर मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस एक्शन सीरीज में आदित्य के साथ सामंथा रूथ प्रभु भी मुख्य भूमिका में होंगी। 'द नाइट मैनेजर' के बाद आदित्य रॉय कपूर का ओटीटी के लिए दूसरा प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट के लिए हामी भर दी थी। इसके तुरंत बाद निर्माताओं ने सामंथा को भी इस सीरीज में शामिल कर लिया था। दोनों कलाकारों ने सीरीज के लिए अपनी-अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। जल्द ही दोनों इस एक्शन सीरीज के लिए साथ में भी ट्रेनिंग लेगें। खबर के मुताबिक, राज और डीके की जोड़ी फिलहाल फैमिली मैन के तीसरे सीजन की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके बाद ये निर्देशक जोड़ी इस साल अगस्त तक 'रक्तबीज' को फ्लोर पर लाने की योजना बना रहे हैं। राज और डीके की फैमिली मैन में भी सामंथा रूथ प्रभु नजर आई थीं। सामंथा रूथ प्रभु ने इस सीरीज को लेकर एक इवेंट में कहा था, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक्शन करूंगी। ये मेरे लिए बड़ी जीत है। मुझे नहीं लगा कि मैं सिटाडेल का हिस्सा बनूंगी। मैं राज, डीके, सीता और अमेजन की बहुत आभारी हूं।'

## मांगी चंद दिनों की मोहलत और 2 हफ्तों में रच दिया इतिहास

# डायरेक्टर ने किया रिजेक्ट, रो पड़े पंचम दा

**नई दिल्ली।** म्यूजिक के जादूगर आरडी बर्मन भले ही हमारे बीच नहीं हैं लेकिन वह आज भी अपने टैलेंट की वजह से पूरी दुनिया पर राज करते हैं। पंचम दा के नाम से मशहूर आरडी बर्मन ने 1960 से 1980 के दशक तक एक्टिव थे। इस दौरान उन्होंने सैकड़ों सुपरहिट गाने दिए। आरडी बर्मन की चमक ऐसी थी कि उनके जैसा न कोई हुआ और ना कोई होगा। संगीत की दुनिया में दशकों तक राज करने वाले पंचम दा का जन्म 27 जून,1939 को कोलकाता में हुआ था। आरडी बर्मन ने साल 1994 में 4 जनवरी को दुनिया को अलविदा कहा था. आर डी बर्मन को गए हुए 30 साल बीत चुके हैं। हालांकि उनकी यादें और नग्में आज भी सुर्खियों में रहती हैं। उनकी लाइफ से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात दर्शकों और म्यूजिक प्रेमियों के दिलों में जिंदा है। संगीतकार आरडी बर्मन ने 300 से ज्यादा फिल्मों में म्यूजिक कंपोज किया था। उनके गाने 21वीं सदी के युवाओं की पहली पसंद है। आज भी उनके गाने को फैंस यूट्यूब पर सर्च करके सुनते हैं और खूब एन्जॉय करते हैं।



### पंचम दा ने रिजेक्शन को किया इग्नोर

आईएमडीबी की रिपोर्ट्स के अनुसार, सुपरहिट परिंदा के बाद जब विधु अपनी दूसरी फिल्म '1942 ए लव स्टोरी' लेकर आए तो उन्हें इस फिल्म के गाने के लिए पंचम दा को अप्रोच किया था। पंचम दा ने बिना देरी किए विधु से वादा किया कि वे उनकी फिल्म में म्यूजिक देंगे। विधु जब अपने गाने के लिए पंचम दा के घर पहुंचे तो उन्होंने अपना पहला गाना 'कुछ न कहो ,कुछ भी न कहो' गीत सुनाया लेकिन विधू इस गाने से खुश नहीं हुए। उन्होंने इस गाने को रिजेक्ट कर दिया। पंचम दा ने इस रिजेक्शन को इग्नोर किया और कुछ नहीं कहा। लेकिन विधु जाते-जाते पंचम दा से कहा- आपके पीछे जो तस्वीर लगी हुई है मुझे उनके जैसे संगीत की तलाश है और मुझे पता है कि वो सिर्फ आप ही दे सकते हैं। पंचम दा पीछे पलटे और अपने पिता सचिन देव बर्मन की तस्वीर की तरफ देखा। वह यह देखकर बहुत भावुक हो गए।

### किसी के पास नहीं जाते थे काम मांगने

1960 से 1980 तक पंचम दा के गानों कहा बॉक्स ऑफिस पर चार्टबस्टर साबित होते थे। वो कुछ लिख देते थे वह हिट हो जाता है। हालांकि 80 का दशक खत्म होते और 90 का दशक आते ही पंचम दा का स्टारडम और जलवा दोनों ही कमजोर पड़ गया था। 90 का दशक आते ही म्यूजिक इंडस्ट्री में एक से एक नए कंपोजर अपनी धाक जमा चुके थे। नदीम -श्रवण ,आनन्द मिलिंद ,शिव हरी ,जतिन-ललित जैसे म्यूजिक कंपोजर को फिल्मों में काफी महत्तव मिलने लगा था। ऐसे में पंचम दा को कम ऑफर मिलने लगे थे। यह समय पंचम दा के लिए काफी कष्टकारी और निराश करने वाला था। हालांकि उनकी एक खूबी थी। वह कभी भी किसी के पास काम मांगने के लिए नहीं जाते थे. लेकिन वह काम की तलाश में बैठे रहते थे. ऐसे में एक दिन अचानक से उन्हें एक बड़ा ऑफर मिला। एक यंग डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म के अप्रोच किया। यह ऐसा मौका था जिस पर पंचम दा को यकीन नहीं हो रहा था कि उनके गानों की आज भी डिमांड होगी। ऐसे में पंचम दा भावुक हो गए। वह खुद को डायरेक्टर के सामने रोक नहीं पाए और रोने लगे थे।

# आशा भोसले की बायोग्राफी लॉन्च पर सोनू निगम ने धोए गायिका के चरण, हुए भावुक

**मुंबई।** शुक्रवार को मशहूर गायिका आशा भोसले की बायोग्राफी 'स्वरस्वामिनी आशा' लॉन्च की गई। इस मौके पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत उपस्थित रहे। उनके अलावा सोनू निगम, आशाताई की पोती जनाई भोसले भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर गायक सोनू निगम ने आशा भोसले की चरण धोए। आशा भोसले की बायोग्राफी की लॉन्चिंग पर अभिनेता जॉकी श्रॉफ भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आशा भोसले के पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अभिनेता ने खास अवसर पर गायिका को गमला भेट किया। बुक लॉन्च के अवसर पर सोनू निगम ने कहा, 'देवी मां प्रणाम, मैं बिल्कुल कुछ नहीं कहना चाहता था। लेकिन, मुझे कहा गया है तो मैं यही कहूंगा कि आज सीखने के लिए बहुत से साधन हैं। लेकिन, जब सीखने के लिए कुछ नहीं था तो लताजी और आशाजी थीं। इन्होंने पूरी दुनिया को गाना सिखाया है। जो आपसे सीख सके उनके लिए धन्यवाद। जो सीख रहे हैं, उनके लिए धन्यवाद।



## खबर संक्षेप

### मरम्मत नहीं होने से ग्राम बेल्हा में गलियों की स्थिति खराब



**गोधना।** नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम बेल्हा के गलियों की स्थिति बेहद खराब है। इसका मुख्य कारण जल जीवन मिशन के अंतर्गत रास्तों को बीचों-बीच गड्ढेकर छोड़ दिया गया है। अभी तक उन रास्तों का मरम्मत नहीं किया गया है। वही जल जीवन मिशन का भी खस्ताहाल है। अभी तक लोगों के घरों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रहा है। एक ओर ग्रामीणों को चलने फिरने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तो दूसरी ओर गर्मी के दिनों में जल की समस्या से जूझ रहे थे। अब बरसात के दिनों में कीचड़ युक्त सड़कों से चलने पर स्लिप खाकर गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं जिससे राहगीरों को मामूली चोटे आ रही हैं फिर भी प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### लायंस क्लब की नवीन कार्यकारिणी का शपथ समारोह आज

**चांपा।** स्थानीय लायंस क्लब की सत्र 2024-25 की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार 30 जून को रात्रि 7:30 बजे से लायंस क्लब भवन में आयोजित किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर कोरबा लायन राजकुमार अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चांपा लायन डॉ. व्ही.के. अग्रवाल तथा जोन चेयरमेन लायन राजेश अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। शपथ ग्रहण अधिकारी के रूप में रीजन चेयर पर्सन लायन राजकुमार अग्रवाल 'उत्सव' द्वारा लायंस क्लब चांपा की नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलायी जाएगी। इस दौरान लायन रामप्रपन्न देवांगन सहित उनकी कार्यकारिणी के सचिव लायन संतोष कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष लायन शैलेश बाजोरिया के अलावा अन्य पदाधिकारियों एवं संचालक मंडल के सदस्यों द्वारा अपने पद की शपथ ली जाएगी। यह जानकारी देते हुए लायंस क्लब अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं सचिव लायन संतोष कुमार सोनी ने क्लब के सदस्यों सहित आमंत्रितों से समारोह में अनिवार्य उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल के प्रयासों से खुलेगा सर्वसुविधा युक्त लाइब्रेरी

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के प्रयास से छ.ग. शासन



द्वारा जिला मुख्यालय जांजगीर में 250 सीटर अत्याधुनिक लाईब्रेरी का निर्माण होगा। इसकी स्वीकृति राज्य सरकार ने दे दिया है, अब जल्द ही इसके निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। पिछले दिनों नगर के वरिष्ठ साहित्यकार, प्रबुद्धजन व आम लोगों ने इस आशय का ज्ञापन पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के जन संपर्क कार्यालय में उनसे भेट कर सौंपा था जिस पर श्री चंदेल ने आश्वासन दिया था कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर जल्द ही स्वीकृत करायेंगे। शासन द्वारा इसकी स्वीकृति की सूचना प्राप्त हुई है।

### सर्व हिंदू समाज की बैठक राम कुटी मंदिर में आज

**अकलतरा।** दलहा पहाड़ में 18 जून को असामाजिक तत्वों के द्वारा धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ करने वाले लोगों को पुलिस द्वारा अभी तक गिरफ्तार नहीं किए जाने से आक्रोशित सर्व हिंदू समाज के द्वारा आगे की रणनीति को लेकर बैठक का आयोजन 30 जून रविवार को शाम 5 बजे नगर के श्री राम कुटी मंदिर में किया गया है। सर्व हिंदू समाज के सदस्यों के द्वारा बैठक में क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण आज

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का प्रसारण 30 जून रविवार को प्रातः 11 बजे टीवी दूरदर्शन रेडियो एवं अन्य चैनलों के माध्यम से मन की बात का प्रसारण किया जाएगा जिसको भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्तागण, नेतागण, बुथ स्तर पर शक्ति केंद्र स्तर पर मंडल स्तर पर जिला स्तर पर सार्वजनिक स्थानों में चौपाल में गुड़ी में अधिक से अधिक संख्या में सुने एवं आम जनता को सुनने के लिए प्रेरित करें। मन की बात सुनने के पश्चात भाजपा कार्यकर्ता पोलिंग बूथ पर बैठकर संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा करेंगे।

### जय भारत स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**बिर्रा।** जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल बिर्रा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शासन के



आदेशानुसार 26 जून से जिले में बच्चों का अध्ययन अध्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। अध्ययन अध्यापन की प्रक्रिया के प्रथम दिवस नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र छात्राओं का तिलक एवं पूजन कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में संस्था प्रमुख एस एल चंद्रा के अलावा समस्त स्टॉफ एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

#### जुलाई से लागू होने वाले नये कानून विषय पर कार्यशाला

# वर्तमान परिवेश में नए कानून से अपराध पर कसेगी नकेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानून के लिए जागरूकता लाने 29 जून को सामुदायिक भवन सक्ती में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में 1 जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में अपर कलेक्टर द्वारा निर्धारित ट्रेनरों द्वारा पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यशाला में उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल, निरीक्षक सुश्री सुनीता नाग बंजारे, निरीक्षक जितेंद्र कोशले और अधिवक्ता सुभाष शर्मा द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से नये कानून के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यशाला में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती अरुण सोम ने उपस्थित सभी लोगों को कार्यशाला में नए कानून के विषय में बताए जा रहे जानकारियो को अच्छे से समझते हुए इसका लाभ उठाने कहा। एसडीएम श्री सोम ने नए कानून को लेकर जागरूकता को आवश्यक बताया। उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने भागवत गीता के श्लोक का उद्धरण देते हुए बताया कि भारतीय अध्यात्म व संस्कृति साक्षी है कि प्राचीन




कार्यशाला में जानकारी देते अधिकारी व अधिवक्ता।

काल से ही राजसत्ता साधुओं अर्थात सज्जनों की रक्षा और दुर्जनों के विनाश के लिए संकल्पित रहा है तथा हमेशा से ही देश के नियम व कानूनों में सामयिक परिवर्तन एक नियमित प्रक्रिया है। इसलिए उससे विचलित होने के बजाय उसका अध्ययन कर कानून को जानें तथा उसे आत्मसात कर वर्तमान परिवेश में उसका समुचित परिपालन सुनिश्चित करना हम सबका दायित्व है। श्री पटेल ने नवीन कानून के सदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में आयोजित जन जागरूकता कार्यशाला में वक्ता के आसंदी कहा कि हर नई बात या कानून बिना माकूल जानकारी के असहज और कठिन लगती है पर जैसे ही हम उसको जान लेते हैं वह उतना ही सहज और सरल प्रतीत होता है अतः हम सब इन नए कानूनों से सशंकित अथवा भ्रमित होने के बजाय भलीभांति जानकारी उपरांत परिपालन सुनिश्चित करें। इसी क्रम में नगर निरीक्षक सुश्री सुनीता नाग बंजारे ने प्रोजेक्टर के माध्यम से भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दिया तो वहीं निरीक्षक श्रीमती जितेंद्र कोशले ने प्रोजेक्टर के माध्यम से नवीन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में बदलाव को विस्तार से बताया तथा वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष शर्मा ने भारतीय न्याय संहिता के बदलाव को स्पष्ट करते हुए समयानुकूल बताया। 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानून देश की न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ तथा पारदर्शी बनाएंगे। भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार करना है, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ सुरक्षा उपायों को भी सुनिश्चित करती है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्यों की मान्यता और प्रामाणिकता से संबंधित है जिसके बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मो. इब्राहिम खान तथा समापन अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में जनपद पंचायत अध्यक्ष सक्ती राजेश राठौर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती अरूण सोम, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, तहसीलदार मनमोहन सिंह, विद्याभूषण साव, श्रीमती सुशीला साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सक्ती संजय सिंह, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रीति पवार, संजय रामचंद्र, रामनरेश यादव, पुलिस विभाग के टी.आई., एस.आई., ए.एस.आई., आरक्षक, मीडिया प्रतिनिधि, अधिवक्तागण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, महिला समूह व मितानिन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---



नसरी भ्रमण पर पुटपुरा पहुंची महिलाएं।

## बिहान की महिलाओं ने सीखी सब्जी खेती की नवीन तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

दिन ब दिन बढ़ रही सब्जी की महंगाई को देखते हुए भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर द्वारा ग्राम पंचायत कनई के आश्रित ग्राम नावापारा स्थित मौलिदाई मंदिर परिसर में बिहान की 35 महिलाओं को सब्जी खेती व नर्सरी प्रबंधन का निःशुल्क दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान शासकीय रोपणी पुटपुरा का भ्रमण कराया गया।

■ पुटपुरा नर्सरी का कराया गया भ्रमण

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव के द्वारा विभिन्न प्रकार की सब्जी की खेती करने की तकनीक, बीजोपचार, मिट्टी के प्रकार, मिट्टी परीक्षण, गार्डन, पोषण वाटिका, किचन गार्डन, पौधों की कटिंग, बडिंग, ग्राफ्टिंग, लेयरिंग करने की तकनीक बताई गई। इसी तरह जैविक खाद, जैविक कीटनाशक दवाओं और देशी बीजों और सब्जियों में पाई जाने वाले विभिन्न प्रकार की पोषक तत्वों तथा कृषि अवशेष को खेत में जलाने के बजाय मशरूम उत्पादन करने एवं वेस्ट डी कंपोजर या ट्राईकोडर्मा का उपयोग कर उन्नत किस्म की जैविक खाद बनाने का जानकारी दिया गया। इसी तरह संस्थान द्वारा बैंकिंग प्रणाली को लेकर बीमा, खाता के प्रकार, कृषि संबंधित ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान शासकीय रोपणी पुटपुरा का भ्रमण कराई गई। उद्यान विभाग के कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार की नर्सरी और बीजू आम में साईड तथा टॉप ग्राफ्टिंग का प्रेक्टिकल कराई। इस दौरान प्रशिक्षण ले रहीं बिहान की 35 महिलाओं को फलदार पौधा वितरण किया गया। प्रशिक्षण के अन्तिम दिवस असेसमेंट किया गया।

---

## गांव के विकास और सुधार को लेकर संगोष्ठी



संगोष्ठी में चर्चा कर कार्य योजना बनाते गांव के युवा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम मुरलीडीह में युवाओं ने गांव के विकास और सुधार को लेकर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस आयोजन में शिक्षा सुधार, वृक्षारोपण, नशामुक्ति, तालाब साफ-सफाई, और बच्चों में खेलकूद को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

■ मुरलीडीह में आयोजित युवा संगोष्ठी में शिक्षा, वृक्षारोपण, नशामुक्ति व गांव की सफाई पर चर्चा कर बनाई गई कार्य योजना

कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षा सुधार से हुई, जिसमें ड्रॉप आउट बच्चों को पुनः शाला तक पहुंच प्रदान करना, बच्चों के शैक्षिक स्तर को बढ़ाने के लिए शिक्षकों को आवश्यकता अनुसार सहयोग प्रदान करने पर चर्चा की गई। वृक्षारोपण के महत्व को समझते हुए, युवाओं ने आगमी जुलाई माह को व्यापक वृक्षारोपण अभियान शुरू करने का संकल्प लिया, जिससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। नशामुक्ति पर चर्चा के दौरान, युवाओं ने गांव को नशामुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया। ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, गांव की साफ-सफाई को प्राथमिकता देते हुए, तालाबों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई के लिए सामूहिक प्रयास करने का निर्णय लिया गया। बच्चों में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं और गतिविधियों के आयोजन पर भी जोर दिया गया। इस संगोष्ठी में अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन से सत्यनारायण, वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक आशीष तिवारी और गांव के युवा शिव शंकर जोगी, विरेंद्र खुंटे, चंद्रप्रकाश, मोनिषा पाटले, भीम कुमार, संदीप रात्रे, गिरीश पाटले, राजीव कुमार, आलोक, प्रीथी राव, एवम रघुवीर प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सभी ने मिलकर गांव के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया।संगोष्ठी के अंत में, सभी युवाओं ने गांव की बेहतरी के लिए मिलजुलकर काम करने और एकजुट होकर सकारात्मक बदलाव लाने का वादा किया। इस प्रकार के आयोजन युवाओं में सामाजिक जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करते हैं, जिससे गांव का समग्र विकास संभव हो सके।

---

### विदाई व सम्मान...




**जांजगीर-चांपा।** जिला मिशन समग्र शिक्षा कार्यालय में पदस्थ एपीसी (सहायक परियोजना समन्वयक) श्रीमती चम्पा पांडेय की सेवानिवृत्ति पर शुक्रवार 28 जून को सम्मान व विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएमसी राजकुमार तिवारी, एपीसी हरिराम जायसवाल, बीआरसी अर्जुन सिंह क्षत्रीय, ऋषिकांता राठौर सहित स्टाफ ने श्रीमती पांडेय को शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके तकरीबन चार दशक के लंबे कार्यकाल की सराहना की गई।



---

## राशन कार्ड बनाने के लिए हितग्राही से रिश्वत मांगने पर पटवारी निलंबित

**खरौद।** राशन कार्ड के प्रतिवेदन पर हस्ताक्षर करने के एवज में 3 सौ रुपए मांगने वाले पटवारी को एसडीएम ने निलंबित कर दिया है। इस दौरान उन्हें शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

तहसील पामगढ़ के जरहा पारा पटवारी हल्का नम्बर 32 में पदस्थ पटवारी पदुम लाल भगत ने ग्राम के हितग्राही से राशन कार्ड से सम्बंधित दस्तावेज में हस्ताक्षर के एवज में पटवारी ने हितग्राही से तीन सौ रुपये मांगे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार वीडियो वायरल में पटवारी के द्वारा बोल गया हैं कि मेरे हस्ताक्षर से जिंदगी भर चावल खायंगे ओर तुम्हें तीन सौ रुपये देने में तकलीफ हो रहा हैं। राशन कार्ड बनवाने की एवज में 300 मांग किये जाने सम्बधी सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर एसडीएम पामगढ़ ने जवाब हेतु नोटिस जारी किया गया है। पटवारी के द्वारा प्रस्तुत जवाब सन्तोषप्रद नही होने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उक्त पटवारी का मुख्यालय पामगढ़ तहसील में नियत किया गया हैं। पदुम लाल भगत निलंबित की अवधि में उन्हें शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। पामगढ़ के पटवारी हल्का नंबर 32 खरौद पर अतिरिक्त प्रभार में कार्य करने हेतु पटवारी हल्का नम्बर 30 लोहर्सी, देवरी पदस्थ पटवारी हितेश साहू को आगामी पर्यत आदेशित किया है।

---

## टीबी, सिकलसेल, कुष्ठ, अंधत्व, मुक्त बनाने चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

जनपद पंचायत नावागढ़ में कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर के कुशल निर्देशन में विकासखण्ड स्तरीय स्वस्थ्य जांजगीर अभियान पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

■ स्वस्थ्य जांजगीर अभियान पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



प्रशिक्षण में जानकारी देते अधिकारी।

जिला प्रशासन स्वाथ्य विभाग एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त अभियान से जांजगीर जिले को टीबी, सिकलसेल, कुष्ठ, अंधत्व, मुक्त बनाने एवं शतप्रतिशत आयुषमान कार्ड से लाभान्वित सहित दिव्यांगों का पंजीयन करने का प्रयास किया जयेगा। 1 जुलाई से पंद्रह सितंबर तक चलने वाले अभियान से संबंधित प्रशिक्षण में डॉ एस सिसोदिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ्य अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण का निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मचारियो को आवश्यक निर्देश दिए। जिला से प्रशिक्षण देने आए आशीष त्रिपाठी सहायक नोडल ने चलाये जा रहे अभियान की रूप रेखा बताते हुए प्रतिदिन किये जाने वाले रिपोर्टिंग प्रपत्र विस्तृत जानकारी प्रदाय किया। कु खलखो सीपीएम जांजगीर ने पर्यवेक्षक द्वारा के प्रतिदिन किये जाने वाले पर्यवेक्षण कार्य के संबंध में प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर के के थवाईत कुष्ठ प्रभारी, जिला मितानिन समन्वयक डॉ एन के साहू बीएमओ, एम ओ, बीपीएम, बीईटीओ, आर एम ए,आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक सहित आरएचओ सीएचओ, एम एल टी, नेत्र सहायक अधिकारी उपस्थित थे।

---

## विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई कर माता-पिता का नाम करें रौशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद में धूमधाम एवं हर्सोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने दसवीं बोर्ड कक्षा में बेहतर अंक अर्जित करने वाले छात्र छात्राओं को मार्कशीट व स्काउट गाइड प्रमाण पत्र वितरित कर विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने तथा अपने व अपने माता-पिता का नाम रोशन करने प्रेरित किया।

26 जून बुधवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हसौद में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में शामिल छात्र-छात्राओं को विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने तिलक लगाकर स्वागत किया। छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से उपहार स्वरूप किताबें भेंट किया गया। स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चो के बौद्धिक, शारीरिक क्षमता का विकास करना है, बच्चा एक छोटा सा पौधा होता है जिसमें हम जितना शिक्षा रूपी खाद और




बेहतर अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देते अतिथि।

पानी डालेंगे उतना ही बच्चा ग्रो करता है, बच्चों को नियमित रूप से स्कूल पहुंचकर अध्ययन कर अपने भविष्य को बेहतर बनाने प्राचार्य ने प्रेरित किया। शाला प्रवेशोत्सव में गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य खीकराम कश्यप, स्कूल के प्राचार्य एस.पी. द्विवेदी, विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, बिजली विभाग के एई छत्रपाल दीवान, जेई गजाधर सिदार समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### किरारी में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

**किरारी-अकलतरा।** विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरारी के स्वामी विवेकानंद सभागार में अध्यक्ष जनपद पंचायत अकलतरा श्रीमती शिवानी सुशांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुष्मिता सुमित सिंह, दिलेश्वर साहू, पूर्व प्रत्याशी दिनेश सिंह ,एसडीम विक्रांत अंचल, जनपद सदस्य श्रीमती विजिया भूषण वैष्णव, सरपंच श्रीमती फूलेश्वरी देवी चौहान ,उपसरपंच राजेन्द्र साहू ,पंच अशोक कश्यप,धनश्याम , महेश्वर कश्यप,विनोद साहू , बी ई ओ रत्नमाला सिंह एवं बी आर सी शैलेंद्र सिंह बैस की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में मधु साहू,रागिनी साहू, नवदुर्गा साहू ने मां सरस्वती की



आराधना गीत,स्कूल चले हम गीत की संगीत मय नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अतिथियों ने नवप्रवेशित छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर, पुस्तक गणवेश, सायकल वितरण कर प्रोत्साहित किया। समावेशी शिक्षा के तहत सीडब्ल्यूएसएन दृष्टिबाधित छात्र अनुराग यादव को मैग्नीफाई ग्लास व श्रेया साहू को एम आर कीट प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों के द्वारा विद्यार्थियों को नियमित रूप से शाला आकर विद्या अध्ययन करने एवं शासन द्वारा विद्यार्थियों के के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने की बात कही गई। प्रवेशोत्सव के अवसर पर आकाश छिकारा जिलाधीश का संदेश वाचन एसडीम विक्रांत अंचल के द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित बच्चों एवं पालकों से आग्रह किया कि बच्चों की नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन बीईओ रत्नमाला सिंह, बीआरसी शैलेन्द्र सिंह बैस, प्राचार्य शशिकांत दीवान का उल्लेखनीय योगदान रह। कार्यक्रम का संचालन अरविन्द कुमार कश्यप व्याख्याता ने किया। कार्यक्रम में सीता कुर्रे, बैहुला शर्मा, रजनी पाण्डेय, अनुरंजिता सिंह, स्वाती शर्मा, रश्मि वारे, सुभाष चन्द्र कश्यप, योगेश चन्द्र मिश्रा, गोपेन्द्र पटेल, दीपक भानू, विनय सिंह,गोपेश पाटले ,शशि कौशिक,करुणा यादव, गोपाल नागदेव उपस्थित रहे।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123